



## एक नजर में



### सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को प्रदान किए पीपीओ

**सीहोर.** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों के पीपीओ वितरण एवं सम्मान कार्यक्रम में कलेक्टर बालागुरु के. ने कहा कि शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त होना जीवन की सक्रियता पर विराम नहीं है. यह वह समय होता है जब व्यक्ति अपने सेवा काल में अर्जित अनुभवों को समाज और आने वाली पीढ़ी के लिए उपयोग में ला सकता है. उन्होंने कहा कि जीवन निरंतर कर्म से चलता है और सेवा भावना किसी पद या दायित्व की मोहताज नहीं होती. कलेक्टर द्वारा सेवानिवृत्त हुए शासकीय सेवकों को शाल-श्रीफल भेंट कर सम्मानित करते हुए उन्हें पीपीओ प्रदान किए गए.



### कृषि सखियों को दिया गया पांच दिवसीय प्रशिक्षण

**सीहोर.** राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन अंतर्गत जिले में रासायनिक खेती के दुष्प्रभावों को कम करने और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कृषि महाविद्यालय में पांच दिवसीय कृषि सखी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया. जिले के समस्त विकासखंडों से चयनित 50 कृषि सखियों ने प्राकृतिक खेती के विभिन्न आयामों से संबंधित प्रशिक्षण प्राप्त किया. प्रशिक्षण के दौरान कृषि सखियों को कृषि महाविद्यालय के विशेषज्ञों द्वारा प्राकृतिक खेती एवं उससे संबंधित विषयों पर सैद्धांतिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया. अंत में सभी कृषि सखियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए. कार्यक्रम में उप संचालक अवनीश चतुर्वेदी, उप संचालक कृषि अशोक कुमार उपाध्याय, वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. जीएस गाठिए, डीपीएम दिनेश बर्फा आदि उपस्थित थे.



### सनातन धर्म की परंपराओं और संस्कृति की करेंगे रक्षा

**सीहोर.** हिंदू उत्सव समिति का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया.नवनियुक्त हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष जितेंद्र राठौर और पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने वरिष्ठ साधु संतों महात्माओं की विशेष उपस्थिति में सनातन विधि से हिंदू समाज के सभी त्योहार मनाने और सनातन संस्कृति की रक्षा करने की शपथ ग्रहण की. शपथ ग्रहण समारोह में हिउस के पूर्व अध्यक्ष आशीष गुप्ता,सतीश राठौर, शंकर सम्राट का सम्मान किया गया. कार्यक्रम में संत हरिराम दास महाराज, पंडित पृथ्वी बल्लभ दुबे, पूर्व विधायक रमेश सक्सेना, जसपाल सिंह अरोरा, सन्नी महाजन, सुनील कुमार शर्मा, मोहन चौरसिया, पवन व्यास, रमेश आहूजा, गणेश शर्मा जुगल किशोर पटेल, पवन विश्वकर्मा, कमलेश कुशवाहा, कमलेश राठौर गब्बर यादव आदि मौजूद रहे.




### सुशासन सप्ताह के तहत त्वरित सेवा पर जनता को भरोसा

**सीहोर.**19 से 25 दिसंबर तक सुशासन सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य नागरिकों के आवेदनों, प्रकरणों एवं समस्याओं का समयबद्ध और प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करना है. सुशासन सप्ताह के अंतर्गत जिले के लोक सेवा केंद्रों में मूल निवासी, दिव्यांग प्रमाण पत्र, खसरा-खतौनी व अनेक सेवाओं के आवेदनों का समय सीमा में निराकरण किया जा रहा है. लोक सेवा केंद्र में खसरा-खतौनी प्राप्त करने आए गजराज सिंह मेवाड़ा ने बताया कि उन्हें कुछ ही मिनटों में खसरा-खतौनी उपलब्ध करा दी गई. इसी तरह मूल निवासी प्रमाण पत्र के लिए आवेदन करने आए अभिजीत परिहार ने बताया कि उन्होंने आवेदन किया और सुशासन सप्ताह के दौरान उन्हें केवल कुछ मिनट में मूल निवासी प्रमाण पत्र प्राप्त हो गया.



### अग्रणी महाविद्यालय में मनाया राष्ट्रीय गणित दिवस

**सीहोर.** पीजी कॉलेज में प्राचार्य डॉ. रोहिताश्व कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में गणित विभाग द्वारा भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ एवं स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन किया गया. कायक्रम का मंच संचालन डॉ. हुमा अख्तर सहायक प्राध्यापक गणित द्वारा किया गया. संपूर्ण आयोजन शैक्षणिक, प्रेरणादायी एवं अनुशासित वातावरण में संपन्न हुआ, जिससे विद्यार्थियों में गणित विषय के प्रति विशेष रुचि एवं जागरूकता विकसित हुई. कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ शीलचंद्र गुप्ता, डॉ आमिर इजाज़, डॉ तृप्त झा, डॉ सुमन रोहिला सहित, डॉ संजय पांडे, डॉ. अंकित अग्रवाल , राहुल प्रजापति सुश्री अपूर्व पाठक सहित समस्त महाविद्यालय स्टाफ उपस्थित था.

# 48 घंटे में पत्थरबाजों पर करो सख्त कार्रवाई

## बीती रात करणी सेना कार्यकर्ताओं से वर्ग विशेष समुदाय के लोगों के बीच विवाद के बाद हुआ था पथराव

- आसपास के जिलों से पुलिस बल बुलाकर किया तैनात
- पुलिस ने सौ से अधिक लोगों के खिलाफ किया मामला दर्ज

नवभारत न्यूज

**आष्टा 22 दिसंबर. बीती रात नगर के अलीपुरा क्षेत्र में करणी सेना और समुदाय विशेष वर्ग के बीच कहासुनी के बाद भड़के विवाद में तोड़फोड़ और पत्थरबाजी की घटना से लोगों में आक्रोश का माहौल बना हुआ है. सोमवार को भोपाल नाके पर करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी की. इस दौरान उन्होंने पुलिस व प्रशासन को अल्टीमेटम दिया कि अगर 48 घंटे में उत्पातियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं की गई तो करणी सेना द्वारा आंदोलन शुरू किया जाएगा.**

गौरतलब है कि बीती रात नगर में उस समय तनाव का माहौल निर्मित हो गया जब हरदा आंदोलन से लौट रहे करणी सेना कार्यकर्ताओं का वर्ग विशेष समुदाय के लोगों से विवाद हो गया था. इस दौरान दोनों पक्षों के बीच पथराव भी हुआ. कई गाड़ियां पथराव की चपेट में आ गईं तो कई स्थानों पर तोड़फोड़ भी की गई. नगर के हालात लगातार बिगड़ रहे थे. दहशत के चलते लोग अपने घरों में कैद हो गए थे तो कई परिवार सुरक्षित स्थानों पर अपने परिजनों के घर पहुंच गए थे. जब स्थिति लगातार बिगड़ती गईऔर आष्टा, पार्वती, जावर, सिद्दीकगंज थाने से पहुंची पुलिस से जब हालात काबू में नहीं आए तो सीहोर, भोपाल और देवास जिले से अतिरिक्त बल बुलाना पड़ा. एसपी दीपक कुमार शुक्ला, एएसपी सुनीता रावत भी आष्टा पहुंचे और हालात का जायजा लिया. आष्टा नगर पुलिस छावनी में तब्दील हो गया. देर रात लगभग दो बजे के बाद स्थिति काबू में हुई.

सोमवार की सुबह सड़कों पर बिखरे पत्थरों के टुकड़े और जगह- जगह पड़े कांच रात को हुए विवाद की भयावहता को बयां कर रहे थे. इस दौरान पुलिसकर्मी भी विभिन्न चौराहों पर तैनात थे तो पुलिस के वाहन संवेदनशील क्षेत्रों में सायरन बजाते हुए लगातार गश्त कर रहे थे. हालांकि दिन भर स्थिति सामान्य रही और आम दिनों की तरह दुकानें खुलीं.



**आष्टा.** बीती रात हुए विवाद के बाद सोमवार को आक्रोशित हिंदू संगठनों द्वारा धरना प्रदर्शन कर पुलिस व प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया.

### आरोपियों की कर रहे पहचान

करणी सेना ने रविवार को हुई घटना को लेकर ज्ञापन सौंपा है. इसमें घटना में शामिल उपद्रवियों पर शामिल लोगों पर कार्रवाई करने की मांग की है. घटना में एफआइआर दर्ज कर ली है. आरोपियों की पहचान की जा रही है. नगर में स्थिति सामान्य है तथा हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है.

**सुनीता रावत ,**
अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक

### सोमवार को भी तैनात रहा भारी पुलिस बल

विवाद के बाद अगले दिन सोमवार को सुरक्षा की दृष्टि से पूरे दिन आष्टा नगर के सभी संवदेनशील एरिया में पुराना बस स्टैंड, अलीपुर क्षेत्र, भोपाल नाका पर पुलिस बल तैनात रहा. इस दौरान आमजन से किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान नहीं देने और शांति बनाए रखने की बात कही गई. पार्वती थाना पुलिस ने इस मामले में 100 से ज्यादा अज्ञात लोगों के खिलाफ धारा 190 (2), 191 (3), 190 और 324 (4) बलवा, तोडफ़ोड़ आदि का मामला पंजीबद्ध किया है, हालांकि अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है. पुलिस सीसीटीवी फुटेज की मदद से उनकी पहचान करने में जुटी है, जिससे कि जल्द गिरफ्तारी हो.

### आज दोपहर दो बजे तक नगर रहेगा बंद

व्यापार महासंघ की तरफ से घटना के विरोध में मंगलवार को दोपहर 2 बजे तक आष्टा बाजार बंद रखने का निर्णय लिया है. दोपहर एक 1 बजे सभी व्यापारी, हिन्दू समाज अस्पताल चौराहे पर एकत्रित होंगे और यहां से रैली निकाल तहसील कार्यालय पहुंच एसडीएम को ज्ञापन देंगे. व्यापार महासंघ अध्यक्ष रूपेश राठौर ने बताया कि जिस जगह रविवार रात घटना हुई वहां पर पूर्व में भी वर्ग विशेष के कुछ लोगों ने एक व्यक्ति के साथ चाकूबाजी की थी. इस तरह के मामले वापस सामने नहीं आएं उसी को लेकर बाजार बंद रखने का निर्णय लिया है. इसमें पुलिस, प्रशासन से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की जाएगी.

## हिंदू संगठन ने फूंका बांग्लादेश का पुतला



**सीहोर.** अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के द्वारा कोतवाली चौराहा पर बाग्लादेश का पुतला जलाया गया और नारेबाजी की गई. बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार और घटनाओं को लेकर कड़ा विरोध दर्ज कराया. कार्यकर्ताओं ने अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद के मध्य भारत छत्तीसगढ़ प्रमुख अतुल राठौर के निर्देश पर जिलाध्यक्ष मनीष मेवाड़ा के नेतृत्व में प्रदशन कर आक्रोश व्यक्त किया. जिलाध्यक्ष मेवाड़ा ने कहा कि बांग्लादेश में हिन्दू को जिंदा जला दिया गया है. ऐसे आतंकी देश पर कार्रवाई की जाए. प्रदर्शन के दौरान हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल हिंदू हेल्प लाइन प्रांत उपाध्यक्ष ज्ञान सिंह बाघेला,जिला महासचिव मदन राजपूत राष्ट्रीय बजरंग दल जिला उपाध्यक्ष हिरदेश मेवाड़ा हिंदू जिला सचिव राजेश मेवाड़ा हेल्पलाइन जिला संयोजक नवीन राठौड़ राहुल राठौड़ नगर महामंत्री प्रशांत राठौड़ जेश राठौड़, राहुल जाटव, नगर अध्यक्ष प्रखण्ड अध्यक्ष श्यामपुर जगदीश पाटीदार दिलीप पाटीदार शुभम राठौर आदि शामिल रहे.

## राय ने पुल व सड़क निर्माण का किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**सीहोर 22 दिसंबर.** देवीपुरा बैरसिया पुल और हीरापुर के पास सड़क निर्माण कार्य का विधायक सुदेश राय ने सोमवार को निरीक्षण किया. सड़क निर्माण कार्य और पुल मरम्मत कार्य को विधायक सुदेश राय ने प्राथमिकता के साथ पूरा करने के निर्देश अधिकारियों को दिए. तत्पश्चात विधायक सुदेश राय ने मौजूद भाजपा कार्यकर्ताओं और नागरिकों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं.

सड़कों से जुड़े मुद्दों पर विधायक ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही के निर्देश देते हुए कहा कि जिन पुलों पर बनी सड़कों से तार बाहर निकल रहे है वह जानलेवा है दुर्घटनाएं हो सकती है. विधायक राय के निर्देश पर उन्हें तुरंत अधिकारियों ने



दुरुस्त कराया. अधिकारियों ने बताया कि उक्त मार्ग पर सड़क सुधार का कार्य निरंतर जारी है. जल्द ही कार्य पूर्ण कर यातायात को सुचारू किया जाएगा. पुल से गुजरने वाले वाहन चालकों राहगीरों को हो रही परेशानी से बड़ी राहत मिल गई. विधायक सुदेश राय ने स्पष्ट कहा कि जनता की समस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी.

## महाविद्यालय में ई सेल का किया गठन

**इछावर.** नेताजी सुभाष चंद्र बोस शा. स्नातक महाविद्यालय में विद्यार्थियों में आत्मनिर्भरता एवं स्वरोजगार की भावना को बढ़ाने व नवाचार स्टार्टअप एवं उद्यमिता के विकास के लिए स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के तत्वाधान में ई सेल का गठन किया गया. गठित ई सेल विद्यार्थियों के प्लेसमेंट के साथ-साथ स्टार्टअप्स एवं एंटरप्रेन्योर शिप के लिए भी प्रेरित करेगीछात्र छात्राएं लाभान्वित होंगे. इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ सुनीता यादव ई सेल के संयोजक मुकेश शर्मा सदस्य डॉ कलावती गाडरिया, डॉ नीता माहौर विनीत शर्मा सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे.

## डेढ़ करोड़ से होगा सड़कों का डामरीकरण

- छावनी में चल रहे डामरीकरण का नपाध्यक्ष ने लिया जायजा
- प्राथमिकता के साथ निर्माण कार्य कराने का दिया आश्वासन

नवभारत न्यूज

**सीहोर 22 दिसंबर.** शहर में नपा द्वारा कायाकल्प योजना के तहत सड़कों के डामरीकरण का काम किया जा रहा है, जिसमें सड़कों की मरम्मत का निर्माण शामिल है. इसके लिए सरकार ने करोड़ों रुपए स्वीकृत किए हैं.

शाम को शहर के कई स्थानों पर किए जा रहे डामरीकरण का निरीक्षण नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर सहित अन्य पार्षदों ने किया. इस मौके पर उन्होंने कहा कि कोतवाली चौराहे से तहसील चौराहे पर सड़क डामरीकरण किया जा रहा है. इस मार्ग से रोज गुजरने वाले हजारों राहगीरों को राहत मिलेगी. इसके अलावा शहर के चरखा लाइन और खजांची लाइन आदि में भी कार्य किया जा रहा है.नपाध्यक्ष राठौर ने कहा कि शहर में महानगर की तर्ज पर विकास कार्य किए जा रहे हैं. वार्डों में जारी सड़कों निर्माण के साथ नालियों का निर्माण भी किया जा रहा है. इसके अलावा कायाकल्प योजना के अंतर्गत करीब 1 करोड़ 50 लाख की लागत से अनेक सड़कों का डामरीकरण आदि कार्य शीघ्र ही पूर्ण किया जाएगा.



# क्षेत्र में विकास कार्यों का कारवां सतत् चलता रहेगा : शिवराज

- केन्द्रीय कृषि मंत्री ने किया कई कार्यों का भूमिपूजन, लोकार्पण
- काफी विलंब से आने के बाद भी जनता करती रही इंतजार

नवभारत न्यूज

**सलकनपुर 22 दिसंबर.** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान के आगमन से समूचा क्षेत्र विकासोत्सव के रंग में रंगा नजर आया.

केंद्रीय मंत्री शाम को देवीधाम सलकनपुर पहुंचे, जहां देवीलोक परिसर के नीचे स्थित मार्केट क्षेत्र में करोड़ों रुपए की विकास योजनाओं का भूमि पूजन एवं लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया. कुल 57 करोड़ 48 लाख रुपए की लागत से नए कार्यों का भूमि पूजन तथा 12 करोड़ 97 लाख 69 हजार रुपये की योजनाओं का लोकार्पण किया गया. केंद्रीय मंत्री के आगमन को लेकर आमजन, लाड़ली बहनों एवं कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला. कार्यक्रम में विलंब होने के कारण देवी मंदिर में दर्शन एवं देवीलोक अवलोकन का कार्यक्रम निरस्त करना पड़ा, किंतु इसके बावजूद जनता ने धैर्यपूर्वक प्रतीक्षा करते हुए केंद्रीय मंत्री का स्वागत किया.केंद्रीय मंत्री का स्वागत विधायक रमाकांत भार्गव के नेतृत्व में भाजपा सलकनपुर मंडल अध्यक्ष बनवीर सिंह चंद्रवंशी द्वारा किया गया. मंडल अध्यक्षों, जनप्रतिनिधियों, पार्टी कार्यकर्ताओं एवं सातों मंडलों के पदाधिकारियों ने भी पुष्पमालाओं से स्वागत किया. केंद्रीय मंत्री चौहान ने मंडल अध्यक्ष को आयोजन के लिए बधाई देते हुए कार्यकर्ताओं के समन्वय व अनुशासन की सराहना की. जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विकास कार्यों का यह कारवां निरंतर चलता रहेगा. मां बिजासन की कृपा से सलकनपुर देवीलोक के दूसरे चरण के कार्य भी शीघ्र स्वीकृत किए जाएंगे. उन्होंने विश्वास जताया कि सलकनपुर क्षेत्र आने वाले समय में देश के लिए आदर्श



## भवानी सिंह पटेल के निधन पर शोक

**डोबी.** ग्राम के हैहय छत्रिय किरार समाज के भवानी सिंह पटेल (बड्डु दादा )का 93 वर्ष की उम्र में निधन हो गया जिनकी अंतिम यात्रा निज निवास पटेल मोहल्ला से नर्मदा तट हथनोरा ले जाई गई जहां पर उनका अंतिम संस्कार किया गया. वह बड़े ही सरल सौम्य प्रतिभा के धनी थे. उन्हें मुखाग्नि ज्येष्ठ पुत्र नरेन्द्र सिंह चौहान, पूर्व चयरमैन बलबान सिंह पटेल, पूर्व सरपंच चंदू पटेल, हीरालाल पटेल, मंटू पटेल, भाई तेज सिंह चौहान वकील ने दी. गांव के अनेक लोगों ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है.

## बाइक चोर को 24 घंटे में ही किया गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**भेरूंदा 22 दिसंबर.** एक दिन पहले बाइक चोरी करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए बाइक जब्त की है.

जानकारी के अनुसार फरियादी दीपक कुमार प्रजापति पिता मदनलाल प्रजापति उम्र 32 साल निवासी ग्राम बालागांव ने थाने में रिपोर्ट किया था कि पल्सर बाइक को सेमलपानी रोड आईटीआई कालोनी से कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया है. फरियादी की रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज करते हुए पुलिस ने बाइक चोर की तलाश प्रारंभ कर दी थी.

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत एवं एसडीओपी रोशन कुमार जैन के मार्गदर्शन में टीम गठित की गई. पुलिस की टीम द्वारा चोरी गई बाइक व अज्ञात आरोपी की तलाश की जा रही थी, नगर में लगे सीसीटीवी कैमरों को चेक करने पर एक संदेही को चिन्हित किया गया. तकनीकी साक्ष्य और मुखबिर सूचना पर आरोपी शिवराज परते पिता संतोष परते उम्र 20 साल निवासी आईटीआई कालोनी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई. जिसके द्वारा चोरी करना स्वीकार किया. आरोपी के कब्जे से बाइक को जप्त कर न्यायालय पेश किया जहां से आरोपी को जेल भेजा गया.


### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को इस जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मुझ कमलेश कुमार सोनानिया के पुत्र के आधार कार्ड क्र 2004 4513 5654 में त्रुटिवश मेरे पुत्र का नाम कुनाल सोनानिया (KUNAL SONANIYA) नाम अंकित हो गया है एवं मुझ प्रार्थी के पुत्र के अन्य दस्तावेज अंक सूची, जन्म प्रमाण में कुशाल सोनानिया (KUSHAL SONANIYA) पुत्र कमलेश कुमार सोनानिया नाम अंकित है जो कि वास्तविक व सही नाम है। प्रकाशन उपरांत मेरे पुत्र का नाम कुशाल सोनानिया (KUSHAL SONANIYA ) के नाम से जाना व पहचाना जावे। सर्व साधारण को सूचित होवे।

प्रार्थी
कमलेश कुमार सोनानिया पुत्र श्री चन्द्रकिशोर
आयु 39 वर्ष
निवासी ग्राम अरनिया कलां तह. कालापीपल
जिला शाजापुर पिन 465333
मोबाइल नंबर 9977846746

## कार्यालय नगर पालिका परिषद आष्टा, जिला सीहोर म. प्र.

क्रमांक / 1904 / राजस्व शा./ न.पा./2025 आष्टा दिनांक 12/12/2025

-:: ई निविदा छत ऑफर द्वितीय सूचना ::-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मध्यप्रदेश नगर पालिका (अचल सपंत्ति का अंतरण) नियम 2016 एवं संशोधन के अंतर्गत वार्ड क्र. 18 कार्यालय नगर पालिका परिषद के सामने पुराना इंदौर भोपाल रोड़ भूतल पर स्थित दुकान की छत (क्षेत्रफल लगभग 73.00 वर्ग मी.) को 30 वर्ष की समयावधि हेतु लीज पर उच्चतम दर उत्कथित करने वाले को दिया जाने के आधार पर अपने ऑफर प्रस्तुत कर सकते हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

फूड जोन का विवरण निम्नानुसार है:-

| ऑनलाईन टेण्डर क्रमांक | आर. सी. सी. छत का क्षेत्रफल वर्ग मी. | अमानत राशि | ऑफसेट प्राईज (लाख में ) | छत का वार्षिक किराया | निविदा प्रपत्र की कीमत (प्रति दुकान) |
|---|---|---|---|---|---|
| 2025_UAD_468045_1 | 73.00 वर्ग मी. | 1,10,000/- | 14,18,000/- | रू.- 29000/- | 2000/- |

शर्तें:-

1- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

2- इच्छुक क्रयकर्ता दिनांक 13.12.2025 को समय प्रात: 11.00 बजे से दिनांक 29.12.2025 को सायं 17.30 बजे तक अपनी-अपनी निर्धारित अमानत राशि ऑनलाईन जमा कर निविदा में भाग ले सकते है।

3- छत की विस्तृत शर्ते/ नियम कार्यालयीन समय में अवकाश के दिनों को छोड़कर राजस्व शाखा में भी देखी जा सकती है।

4- निविदा फार्म निर्धारित निविदा शुल्क जमा कर क्रय किये जा सकते है।

5- निविदाकार द्वारा प्रस्तुत निविदा दर पर नियमानुसार जी.एस.टी. (वर्तमान में 18 प्रतिशत) पृथक से देय होगा।

| | | | |
|---|---|---|---|
| विनोद कुमार प्रजापति<br>मुख्य न.पा. अधिकारी<br>न.पा.प.आष्टा | श्रीमती तारा कटारिया<br>सभापति राजस्व शाखा,<br>न.पा. प. आष्टा | सिद्धीका बी भूरू भाई<br>उपाध्यक्ष<br>न.पा. प. आष्टा | हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा<br>अध्यक्ष<br>न.पा. प.आष्टा |